(b) Steps to regulate the exports of semi-processed hides and skins are under Government's consideration.

(c) State Trading Corporation is hopeful of executing this order.

तीसरे वेतन आयोग की रिपोर्ट

*368. **डा० गोविन्द दास रिछारिया** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि सरकार को चालू वर्ष के अन्त तक तीसरे वेतन आयोग की रिपोर्ट मिलने पर वह उस पर अन्तिम निर्णय करने में कितना समय लेगी ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री क० आर० गणेश) : तृतीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर अन्तिम निर्णय, यथासम्भव शीघ्र, करने की पूरी कोशिश की जायेगी। परन्तु, अभी तक जब कि रिपोर्ट ही आनी है, इस बारे में अपेक्षित समय का अनुमान बताना सम्भव नहीं है।

जीवन बीमा निगम द्वारा मध्य प्रदेश में उद्योगों, आवास परियोजनाओं और कम्पनियों में लगाई गई पूंजी

*369. **श्री गंगा चरण दीक्षित** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जीवन बीमा निगम ने गत तीन वर्षों में मध्य प्रदेश में विभिन्न उद्योगों, आवास परियोजनाओं और सरकारी कम्पनियों में कितनी पूंजी लगाई ;

(ख) जिन उद्योगों और परियोजनाओं में पूंजी लगाई गई है उनकी मुख्य बातें क्या हैं ; और

(ग) प्रत्येक पूंजी निवेश पर कितना लाभ प्राप्त हुआ है ?

वित्त मंत्रालय में उप-मंत्री (श्रीमती सुशीला रोहतगी) : (क) और (ख). जीवन बीमा निगम ने मध्य प्रदेश में, पिछले तीन वर्षों में विभिन्न उद्योगों, आवास परियोजनाओं तथा सरकार द्वारा संचालित कम्पनियों में निम्नलिखित तौर से निवेश किये है :–

1. उद्योग–

(लाख रुपयों में)

	1969–70	1970–71	1971–72
कोयला	..	0.38	..
सूती वस्त्र	..	..	0.50
बिजली का सामान	0.02	4.87	0.54
खनन	4.39	..	..
चीनी तथा शराब के कारखाने	..	..	35.00
वस्त्रोद्योग (सूती वस्त्रों से भिन्न)	19.29	7.62	3.86
विविध .	..	0.25	0.63
	23.70	13.12	40.53